60 Steps To Prelims: आत्मविश्वास के साथ बढ़ें

drishtiias.com/hindi/printpdf/60-steps-to-prelims

60 Steps To Prelims का हिस्सा बनने के लिये दिये गए लिंक पर क्लिक करें।

https://youtu.be/DpWh2WUQy1c

सीखना एक कला है।

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी भी किसी कला से कम नहीं है। इस परीक्षा में चयन के लिये दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अभ्यर्थी को न केवल साहस बल्कि दृढ़ संकल्प का भी परिचय देना होता है। यही कारण होता है कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान परिवार और दोस्तों का साथ तथा सहयोग बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हालाँकि परिवार एवं दोस्तों के साथ से बेहतर और कुछ नहीं होता, फिर भी अध्यापकों, आपका दिशा-निर्देशन करने वाले साथियों और सहयोगियों को दरकिनार नहीं किया जा सकता है।

दृष्टि आई.ए.एस. अभ्यर्थियों को इसी प्रकार का सहयोग एवं समर्थन प्रदान करता है। हम न केवल कोचिंग के माध्यम से आपकी सहायता करते हैं बल्कि सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी अभ्यर्थियों की सहायता के लिये समर्पित हैं।

सहायता के इस क्रम में हम आपके लिये एक नई पहल 60 Steps To Prelims लेकर आए हैं। साथ ही यह आशा करते हैं कि इन 60 Steps का अनुसरण करने वाला प्रत्येक अभ्यर्थी 2 जून, 2019 को आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा में पूर्ण आत्मविश्वास और तैयारी के साथ शामिल हो सकेगा। इस पहल के तहत UPSC के लिये महत्त्वपूर्ण सभी परंपरागत विषयों के साथ-साथ करेंट अफेयर्स आधारित विषयों को भी शामिल किया गया है।

व्यक्तिगत सहायता के साथ 60 Steps To Prelims पहल अभ्यर्थियों के लिये बहुत लाभदायक सिद्ध होगी।

Drishti IAS - 60 Steps To Prelims

हमारा प्रोग्राम ही क्यों चुनें?

- दृष्टि आई.ए.एस. टीम द्वारा तैयार किया गया यह प्रोग्राम मूल रूप से हमारी करेंट अफेयर्स मैगज़ीन और वेबसाइट पर अपलोड होने वाले कंटेंट, पुस्तकों, प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज़ और कक्षा कार्यक्रम पर आधारित है। दृष्टि आई.ए.एस. टीम कंटेंट की गुणवत्ता और सटीकता के संबंध में हमेशा सतर्कता के साथ कार्य करती है। हम करेंट अफेयर्स से केवल उन टॉपिक्स का ही चयन करते हैं जिनकी इस वर्ष की प्रीलिम्स परीक्षा में आने की संभावना सबसे ज़्यादा है।
- **60 Steps To Prelims** का चुनाव करने से पहले हमने कई बातों पर विशेष रूप से गौर किया और इस क्षेत्र के विशेषज्ञों और अध्यापकों (नि:संदेह इसमें सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों एवं टॉपर्स को भी शामिल किया गया) के सुझाव के बाद इसे अंतिम रूप दिया गया। प्रीलिम्स से दो माह पहले रिवीज़न और संबंधित विषयों पर आधारित प्रश्नों का अभ्यास बहुत महत्त्वपूर्ण होता है।
- इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमने इस प्रोग्राम में 3 फ्री मॉक टेस्ट को भी शामिल किया है जो अभ्यर्थियों की तैयारी को पुख्ता करने में सहायक साबित होंगे।
- इस प्रोग्राम की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें कमेंट सेक्शन, ईमेल (helpline@groupdrishti.com) एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अभ्यर्थियों को अकादमिक काउंसलिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसी भी दुविधा की स्थिति में अभ्यर्थी प्रत्यक्ष रूप से हमसे जुड़ सकें। इन माध्यमों द्वारा अभ्यर्थी अपनी शंकाओं और प्रश्नों को हमारी टीम तक पहुँचा सकते हैं जिनका उत्तर एक तय समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

60 Steps To Prelims कैसे मददगार साबित होगा?

- कृपया इस बात को ध्यान में रखें कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य प्रीलिम्स की तैयारी में एक पूरक की भूमिका निभाना है।
- इस प्रोग्राम को एक निर्धारित शेड्यूल के अनुसार तैयार किया गया है। इसके लिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी अपने रूटीन को कुछ इस प्रकार से व्यवस्थित करें कि इस प्रोग्राम के साथ-साथ उनकी अपनी तैयारी भी बिना किसी समस्या के चलती रहे।
- प्रीलिम्स परीक्षा से दो माह पूर्व का समय न केवल रिवीविज़न बल्कि प्रश्नों के अभ्यास की दृष्टि से भी काफी महत्त्वपूर्ण होता है। ऐसे में यदि रोज़ाना कुछ परंपरागत विषयों और करेंट अफेयर्स के टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन पर आधारित प्रश्नों का निरंतर अभ्यास किया जाए तो एक निश्चित समय-सीमा में विस्तृत सिलेबस को कवर किया जा सकता है।
- परीक्षा में प्रश्नों को हल करते समय अक्सर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, संभवतः कभी-कभी विकल्पों में समानता होने के कारण तो कभी सरल-से-सरल प्रश्नों का अभ्यास न होने के कारण। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हम

60 Steps To Prelims प्रोग्राम के माध्यम से आपको रोज़ाना 25 प्रश्न उपलब्ध कराएंगे, जिनका अभ्यास कर न केवल आप अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन कर सकते हैं बल्कि अपने कमज़ोर विषयों का भी आकलन कर सकते हैं।

- प्रीलिम्स की परीक्षा में परंपरागत विषयों और करेंट अफेयर्स का अनुपात 60:40 का रहता है यानी 100 प्रश्नों में से 40 प्रश्न करेंट अफेयर्स से पूछे जाते हैं।
- इस प्रोग्राम के तहत हमने आपको तैयारी की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण स्टडी मैटिरियल की एक सूची उपलब्ध कराई है। यह सूची प्रीलिम्स के नज़रिये से पर्याप्त विषयों को कवर करती है।
- 60 Steps To Prelims प्रोग्राम में सभी प्रश्नों की व्याख्या भी उपलब्ध कराई जाएगी, हालाँकि हम यह उम्मीद करते हैं कि अभ्यर्थी स्वयं से भी संबंधित विषयों का अध्ययन करने की कोशिश करें। ताकि यह प्रयास अधिक लाभदायक साबित हो सके। इसके लिये आप हमारे द्वारा उपलब्ध कराई गई किताबों की सूची से मदद ले सकते हैं।

प्रोग्राम की प्रक्रिया:

1. हमने विगत वर्षों के प्रीलिम्स के प्रश्नपत्रों को ध्यान में रखते हुए सिलेबस के परंपरागत हिस्से को चिह्नित किया है। प्रश्नों को तैयार करते समय भी इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि केवल संभावित टॉपिक्स से संबंधित प्रश्नों को इसमें शामिल न किया जाए बल्कि बेसिक प्रश्नों को भी तैयारी का हिस्सा बनाया जाए। ऐसा करने का मूल उद्देश्य आपकी तैयारी को मज़बूत आधार देते हुए परीक्षा के बदलते हुए प्रारूप के अनुरूप आचरण करना है।
2. करेंट अफेयर्स के प्रश्नों के लिये हमने अपनी विशेषज्ञों की टीम के साथ गहन विचार-विमर्श किया और प्रश्नों का एक ऐसा पूल तैयार किया जिनके UPSC द्वारा पूछे जाने की प्रबल संभावना है।
3. हमारा विश्वास है कि टॉपिक्स और प्रश्न चुनने का हमारा तरीका देश में कंटेंट सलेक्शन के बेहतरीन तरीकों में से एक है। हमें इस बात पर भी पूरा भरोसा है कि प्रोगाम के तहत दिया जाने वाला हर प्रश्न UPSC के लिये प्रासंगिक ही होगा।

Detailed Syllabus Download PDF

महत्त्वपूर्ण स्टडी मैटिरियल

1. प्रीलिम्स की तैयारी के लिये NCERT पुस्तकें फाउंडेशन का कार्य करती हैं। ये पुस्तकें बाज़ार में आसानी से उपलब्ध हैं और यदि आप चाहें तो इन्हें हमारी वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं।
   a) हमारे 60 Steps To Prelims प्रोग्राम के दौरान किसी कठिन प्रश्न को हल न कर पाने की स्थिति में NCERT पुस्तकें आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये।

   b) भूगोल से संबंधित प्रश्नों में आवश्यकता पड़ने पर आपको एटलस का उपयोग करना चाहिये। इसके लिये आप एक विश्वसनीय एटलस की सहायता ले सकते हैं, जो अपडेटेड हो तो बेहतर होगा।

2. हमारे द्वारा उपलब्ध कराई गई मानक पुस्तकों की सूची को काफी विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। हम आप पर अनावश्यक रूप से पुस्तकों का बोझ नहीं डालना चाहते हैं इसलिये इस सूची को छोटा रखा गया है।
   a) सूची में दी गई सभी पुस्तकों को शुरू से अंत तक पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें केवल समीक्षा और संदर्भ के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है।

   b) ऊपर रिकमेंडेड पुस्तकों के अलावा लक्ष्मीकांत की भारतीय राजव्यवस्था और संक्षिप्त आधुनिक भारतीय इतिहास के लिये स्पेक्ट्रम का अध्ययन किया जा सकता है। इन पुस्तकों का रिवीज़न आपके लिये लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

c) जहाँ कहीं भी अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिये हमने आपसे वेबसाइट्स (दृष्टि की वेबसाइट सहित) की सहायता लेने के लिये कहा है, वहाँ यह सुनिश्चित किया गया है कि इनका कंटेंट विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता युक्त हो।

d) इसके अलावा 60 Steps To Prelims प्रोग्राम के लिये हम अपने प्रकाशन का भी संदर्भ दे रहे हैं क्योंकि हमें अपने मैटिरियल पर पूरा भरोसा है। हमारी पुस्तकों और पत्रिकाओं से बहुत सारे अभ्यर्थियों ने लाभ उठाया है।

निरंतर अभ्यास, अनुशासन और ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता, इसी उद्देश्य से हम आपकी तैयारी और अंतिम चयन के प्रति काफी गंभीर है। 60 Steps To Prelims प्रोग्राम का हिस्सा बनकर अपने तैयारी का UPSC के दृष्टिकोण से आकलन कीजिये।

आपके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समर्पित
दृष्टि टीम